सेवा में,

दिनांक–12.07.2025

श्रीमान् कार्मिक अधिकारी महोदय,
ग्लोबटेक क्रियेशन प्रा0 लि0
महराजगंज।

विषय : पत्रांक सं–1850 के स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं प्रार्थी राजेन्द्र कुमार पुत्र मुन्नी राम उपकेन्द्र रतसड़ अन्तर्गत उपखण्ड सुखपुरा विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय बलिया में परिचालक के पद पर कार्यरत है। दिनांक–05.06.2025 को रात्रि में 11:50 पर रतसड़ टाउन फीडर की आउटगोइंग के HT केबल ब्लास्ट हो गया था जिसके सापेक्ष में मुझ द्वारा 1912 ऐपसेवी ऐप पर सूचना दर्ज कि गई थी एवं उक्त की जानकारी लॉग शीट पर भी अंकित की गई थी।

श्रीमान् अवर अभियन्ता को दूरभाष के माध्यम से सूचना देने हेतु उनको फोन किया गया परन्तु उनका फोन बन्द था इसके उपरान्त उनके घर के दूरभाष पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके पुत्र के माध्यम से उनको अवगत कराय दिया गया। रात्रि 12 बजे मेरी ड्यूटी समाप्त होने के बाद कार्य हस्तन्तारित करने से पूर्व समस्त जानकारी आन ड्यूटी परिचालक को दे दी गई थी जिनके द्वारा सुबह जब अवर अभियन्ता महोदय का फोन खुला तो उनके द्वारा समस्त जानकारी अवर अभियन्ता महोदय को उपलब्ध करा दी गई।

महोदय यदि उच्चाधिकारी महोदय को लगता है कि मेरे द्वारा कोई गलती कि गई हैं तो प्रार्थी उक्त गलती के लिए क्षमा मांगता है और आपको आस्वस्त करता है कि भविष्य में ऐसी गलती की पुनावृत्ति नहीं होगी अगर होती हैं तो नियमानुसर कार्यवाही करने की कृपा करें।

धन्यवाद।

राजेन्द्र कुमार

प्रार्थी

(राजेन्द्र कुमार)
एस0एस0ओ0
33/11 के0वी0
विद्युत केन्द्र, रतसड़
जिला–बलिया

संलग्नक– 1– दिनांक–05.07.2025 की लॉग शीट की छायाप्रति।
2– 1912 ऐपसेवी ऐप पर डाली गई सूचना के स्क्रीन शाट की छाया प्रति।

प्रार्थी को एक बार सेवा का मौका देने का कष्ट करें।

M/s Globtech
कृपया राजेन्द्र कुमार को अनुशेष में लें तथा भविष्य में जिम्मेदारी
... कार्य का संचालन करेंगे।